विशेषज्ञों ने क्राइम रोकने के दिए टिप्स

पुलिस कर्मियों को नई तकनीक से अवगत कराया

राज न्यूज नेटवर्क

इंदौर। वर्तमान समय में जिस तेजी से अपराध बढ़ रहे है उसे देखते हुए पुलिस का मुस्तैद होना जरुरी है। इसी के तहत पुलिस अधिकारियों को सायबर क्राइम और आधुनिक का ज्ञान होना बेहद जरुरी है। ताकि अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

यह बात पुलिस महानिरीक्षक विपिन माहेश्वरी ने कही। वे गुरुवार को रेडिाये पुलिस ट्रैनिंग स्कूल में पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित सायबर ट्रैनिंग प्रोग्राम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी सेमिनारों की वकालत करते हुए कहा कि इससे पुलिस अधिकारियों की दक्षता बढ़ेगी और वे अधिक सजग बनेंगे। जिससे कि केस ट्रेस करने में आसानी होगी। सेमिनार में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे। जिन्हें सायबर क्राइम के बारे में बताया।

कंप्यूटर और सेल फारेंसिक तकनीक जानेंगे अधिकारी

वहीं इस बारे में पीआरटीएस के आईजी वरुण कपूर ने कहा कि इसमें अधिकारी दो तरह की तकनीक को जानेंगे। इसमें एक कंप्यूटर और दूसरी सेल फारेंसिक तकनीक के बारे में। जिसके तहत डाटा का उपयोग कैसे किया जाय और कैसे उनमें से उपयोगी जानकारियों को एकत्रित किया जाय। गौरतलब है कि पहले तकनीकी क्राइम ज्यादा आते थे लेकिन आजकल सायबर क्राइम ज्यादा आ रहे है। जिससे इन्हें केसों को ट्रैस करने में आसानीं होगी। वहीं कानून के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।